दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-
फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 08 फरवरी 2022

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## लोकतंत्र के शुद्धीकरण का पर्व भी है चुनाव

चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र की प्राणवायु माना जाता है। यदि प्राणवायु दूषित हो तो लोकतंत्र का स्वास्थ्य कैसा होगा? वायु प्रदूषण के लिए हमारा देश दुनिया में बदनाम है। खासकर हर वर्षांत चर्चा में आनेवाली विश्व के प्रदूषित शहरों की सूची से भी यह प्रमाणित होता रहता है। अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने में माहिर हमारा सत्तातंत्र इस वायु प्रदूषण के लिए दीपावली पर पटाखे चलाने वालों से लेकर खेतों में पराली जलानेवालों तक को जिम्मेदार ठहरा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। जबकि शर्मनाक सच यह है कि इन दिनों में चौतरफा हाय-तौबा वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच जाने पर मचती है, वरना तो पूरे साल ही हमारे बड़े शहरों के निवासी जानलेवा बीमारियों की जनक जहरीली हवा में सांस लेने को अभिशप्त हैं। प्रदूषित वायु हर साल कितनी अकाल मौतों का कारण बनती है, और उससे होने वाली बीमारियों के इलाज पर हर साल कितनी रकम खर्च होती है—ये आंकड़े भी जब-तब आते रहते हैं। निश्चय ही प्रदूषण बढ़ाने वाले तथा उसे नियंत्रित करने में नाकाम तंत्र जन जीवन से खिलवाड़ के अक्षम्य अपराधी हैं, लेकिन यहां हमारी चर्चा का विषय लोकतंत्र की प्राण वायु का खतरनाक स्तर तक प्रदूषित हो जाना है।

गुणवत्ता की बहस जिस तरह वायु के संदर्भ में हमारे देश में अप्रासंगिक हो गयी है, उससे भी बुरा हाल लोकतंत्र की प्राणवायु यानी चुनाव प्रक्रिया का है। जाहिर है, चुनाव प्रक्रिया जितनी स्वच्छ होगी, प्राण वायु उतनी ही बेहतर होगी, जो अंततः लोकतंत्र के स्वास्थ्य का आधार बनती है। निश्चय ही चुनाव प्रक्रिया की स्वच्छता कई कारकों पर निर्भर करती है, लेकिन सबसे अहम है चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार। जैसे उम्मीदवार होंगे, वैसा ही प्रचार होगा, जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकती। यही उम्मीदवार निर्वाचित जन प्रतिनिधि के रूप में संसद या विधानसभाओं में पहुंच कर कानून निर्माता बनते हैं। जाहिर है, जैसे हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे, वैसी ही उनकी प्राथमिकताएं होंगी और अंततः वे वैसी सत्ता व्यवस्था भी बनायेंगे। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल के बढ़ते प्रभाव पर अरसे से हर स्तर पर चिंता जतायी जाती रही है, लेकिन समस्या के निराकरण की दिशा में ईमानदार ठोस प्रयास न किये जाने का ही परिणाम है कि दवा के दावों के बावजूद मर्ज बढ़ कर नासूर बनता दिख रहा है।

बेशक धनबलियों और बाहुबलियों के प्रभाव का लाभ उठा कर अपनी राजनीति चमकाने की प्रवृत्ति हमारे राजनीतिक दलों-नेताओं में नयी नहीं है। सत्तर के दशक में भी खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में कुछेक धनबलियों-बाहुबलियों की राजनीतिक उपस्थिति रही, लेकिन परंपरागत राजनेताओं के लिए अपने धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल करते हुए ऐसे लोगों में खुद सत्ता-सुख भोगने की ऐसी लालसा जगी कि आज राजनीति ही ऐसे लोगों के चंगुल में फंसी नजर आ रही है। विडंबना देखिए कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में आज किसी भी दल-नेता को ऐसे बाहुबलियों को चुनावी राजनीतिक लाभ के लिए गले लगाने में शर्म नहीं आती, जिन पर हत्या-बलात्कार सरीखे जघन्य अपराध दर्ज हैं। यह बहस का मुद्दा हो सकता है कि किस राजनीतिक दल-नेता ने आपराधिक छवि वालों को राजनीति में बढ़ावा देने की पहल की या किसकी इसमें ज्यादा हिस्सेदारी रही है, लेकिन आज तो सभी में इस मामले में एक-दूसरे से आगे निकल जाने की होड़-सी लगी है। अब जबकि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है, एक-दूसरे पर राजनीति के अपराधीकरण का आरोप लगाते हुए भी कोई दल-नेता इस मामले में पीछे रह कर मिसाल नहीं बनना चाहता। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश भी शामिल है, जिसे अक्सर देश की राजनीति को दिशा देने का श्रेय भी दिया जाता है।

राजकुमार सिंह

## स्टोक मार्केट में भारी गिरावट, निवेशकों के डूबे 2.4 लाख करोड़- आरबीआई की एमपीसी की बैठक टली



**नईदिल्ली।** विदेशी फंडों की लगातार निकासी और एशियाई बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। कमजोर शुरुआत के बाद बाजार में गिरावट बढ़ गई। हैवीवेट शेयरों एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी में बिकवाली से सेंसेक्स 800 अंक लुढ़क कर 57,845 के स्तर पर आ गया जबकि निफ्टी 237 अंक फिसलकर 17300 के नीचे आ गया। सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी पीएसयू बैंक और मेटल इंडेक्स को छोड़कर सभी सेक्टर्स लाल निशान में कारोबार कर रहा है।

सेंसेक्स में सबसे अधिक 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट एलएंडटी में हुई। एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, डॉ रेड्डीज, मारुति और एचडीएफसी के शेयर भी शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट में रहे। वही दूसरी तरफ टाटा स्टील, पावरग्रिड, एसबीआई और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बढ़ोतरी नजर आ रही है।

इससे पिछले सत्र में सेंसेक्स 143.20 अंक यानि 0.24 फीसदी की गिरावट लेकर 58,644.82 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 43.90 अंक या 0.25 प्रतिशत कमजोर होकर 17,516.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

बाजार में कमजोरी से निवेशकों को तगड़ा झटका लगा है। उनकी कुल दौलत 2.34 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गई। शुक्रवार को बीएसई लिस्टेड कुल कंपनियों का मार्केट कैप 2,67,71,278.74 करोड़ रुपये था, जो सोमवार को 2,34,947.67 करोड़ रुपये घटकर 2,65,36,331.07 करोड़ रुपये हो गई।

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेट-सेटिंग मौद्रिक नीति समिति की बैठक को एक दिन के लिए पुनर्निर्धारित करने की घोषणा की। आरबीआई ने एक बयान में कहा, महाराष्ट्र सरकार के भारत रत्न दिवंगत मंगेशकर के सम्मान में 7 फरवरी 2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के कारण एमपीसी की बैठक का कार्यक्रम बदलकर अब 8 से 10 फरवरी 2022 कर दिया गया है।

विशेषज्ञों का हालांकि यह मानना है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीतिगत रुख को 'उदार' से 'तटस्थ' में बदल सकती है और नकदी के सामान्यीकरण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रिवर्स रेपो दर में बदलाव कर सकती है। अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा आगामी गुरुवार को होगी।

## एएमओ इलेक्ट्रिक बाइक्स ने इलेक्ट्रिक स्कूटर जोंटी प्लस पेश किया



**नईदिल्ली।** एएमओ इलेक्ट्रिक बाइक्स ने अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर जौंटी प्लस पेश किया है। दिल्ली में इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की एक्स-शोरूम कीमत 1.10 लाख रुपये है।

कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जोंटी प्लस में 60वॉट/40 एम्प घंटे की लिथियम बैटरी दी गई है। यह स्कूटर एक बार चार्ज होने पर 120 किलोमीटर तक चल सकता है और इसे 100 प्रतिशत चार्ज होने में चार घंटे का समय लगता है।

कंपनी के अनुसार जोंटी प्लस इलेक्ट्रिक स्कूटर 'क्रूज़ कंट्रोल स्विच', 'इलेक्ट्रॉनिक असिस्टेड ब्रेकिंग सिस्टम' (ईएबीएस) और 'एंटी-थेफ्ट अलार्म' जैसी सुविधाओं से लैस है।

इसके अलावा स्कूटर में 'साइड स्टैंड सेंसर', 'सेंट्रल लॉकिंग', 'फ्रंट डिस्क ब्रेक', डीआरएल लाइट्स और जमीन से सतह से अच्छी उचाई दी गई है।

कंपनी ने कहा कि नया इलेक्ट्रिक स्कूटर 15 फरवरी से 140 डीलरशिप केंद्रों पर उपलब्ध होगा।

## आरबीआई ने एमपीसी की बैठक आठ फरवरी तक टाली

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महाराष्ट्र सरकार के सात फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के कारण मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का कार्यक्रम बदलने की रविवार को घोषणा की।

महाराष्ट्र सरकार ने सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के निधन के कारण अवकाश घोषित किया है।

पहले यह बैठक सात से नौ फरवरी 2022 को होनी थी। अब यह बैठक आठ फरवरी को होगी और बैठक के नतीजे 10 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

आरबीआई ने देर शाम एक बयान में कहा, ''महाराष्ट्र सरकार के भारत रत्न दिवंगत मंगेशकर के सम्मान में सात फरवरी 2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के कारण एमपीसी की बैठक का कार्यक्रम बदलकर अब आठ से दस फरवरी 2022 कर दिया गया है।''

## ईंधन की वैश्विक कीमतें सबके लिए चिंता का विषय: सीतारमण



**नईदिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ईंधन की वैश्विक कीमत न केवल एयरलाइन सेवा क्षेत्र, बल्कि सभी के लिए एक चिंता का विषय है। वह एसोचैम के तत्वावधान में आयोजित बैठक में एयरलाइन, कपड़ा और इस्पात सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों का सामना करने वाले कई मुद्दों पर बातचीत की। वित्त मंत्री ने बजट22 पर केंद्रित इस बातचीत में कहा, बेशक, सिर्फ एयरलाइंस के लिए नहीं, ईंधन की वैश्विक कीमत अब हम सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय में अभूतपूर्व वृद्धि से अर्थव्यवस्था में निवेश पर एक बड़ा गुणक प्रभाव होगा। एसोचैम की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती सीतारमण ने इस चिंता से सहमति जताई कि ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि के साथ-साथ लोगों की आवाजाही पर गंभीर प्रतिबंध, कोविड 19 के ओमिक्रॉन संस्करण की लहर के बाद विमानन क्षेत्र पर असर पड़ा है, श्रीमती सीतारमण ने कहा, वह एयरलाइनों के लिए उद्योग की स्थिति के लिए एसोचैम की मांग पर बैंकों के साथ चर्चा करेंगी।

उन्होंने वादा किया कि जीएसटी के मुद्दे को आगामी जीएसटी परिषद के सामने रखा जाएगा। एसोचैम विमानन ईंधन सहित पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर के दायरे में लाने के लिए दबाव बना रहा है। विमानन ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाकर पांच प्रतिशत करने की भी मांग उठाई गई है।

सीतारमण ने एसोचैम से सहमत थीं कि तकनीकी वस्त्र का क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है। अपने स्वागत भाषण में, चैंबर के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने कहा कि पिछले चार वर्षों के केंद्रीय बजट हमारे देश और दुनिया में हमारी जगह के लिए पासा पलटने वाले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बजटों का लक्ष्य सुसंगत और पारदर्शी रहा है।

## हंगरी तैराकी विश्व चैम्पियनशिप 2022 की मेजबानी करेगा

**लुसाने।** फिना (तैराकी की वैश्विक संस्थान) के अधिकारियों के साथ हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने तैराकी विश्व चम्पियनशिप 2022 की मेजबानी करने की सोमवार को घोषणा की।

बुडापेस्ट 18 जून से तीन जुलाई तक एक अतिरिक्त विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। कोविड-19 महामारी के कारण जापान में निर्धारित टूर्नामेंट के 2023 तक खिसकने के बाद दो विश्व चैम्पियनशिप के अंतर को कम करने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है।

हंगरी की इस राजधानी ने 2017 में वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी की और उसे 2027 में भी इसकी मेजबानी करनी है। विश्व चैंपियनशिप आमतौर पर हर दो साल में आयोजित की जाती है।

फिना ने इस प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए तैयार होने पर ओरबन की तारीफ की ।

इस खेल के अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय के अध्यक्ष हुसैन अल-मुसल्लम ने सोमवार को एक बयान में कहा, हम बेहद भाग्यशाली हैं कि हमारे पास ऐसे मेजबान है जो 'एक्वेटिक्स' के लिए हमारे जुनून को साझा करते है।

उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि हमें अपने एथलीटों के लिए मौजूदा स्वास्थ्य संकट से उबारने की जरूरत है और आज का समझौता इस काम को आगे बढ़ायेगा।

## बंद हो जाएंगे इंस्टाग्राम और फेसबुक, संकट में मार्क जुकरबर्ग



**नईदिल्ली ।** पिछले साल अक्तूबर में फेसबुक का नामकरण हुआ है जिसके बाद कंपनी को मेटा के नाम से जाना जा रहा है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि वे चाहते हैं कि दुनिया उनकी कंपनी को सिर्फ फेसबुक के तौर पर नहीं, बल्कि एक मेटावर्स के रूप में जाने, लेकिन लगता है कि दुनिया को कंपनी का नया नाम रास नहीं आ रहा है। नए नाम के बाद भी विवाद कंपनी का पीछा नहीं छोड़ रहे। मेटा ने अपने एक बयान में कहा है कि यदि उसे अन्य देशों के साथ यूरोपियन यूजर्स का डाटा शेयर करने की इजाजत नहीं मिलती है तो उसे अपनी सेवाएं बंद करनी होंगी। मेटा ने कहा है कि यूजर्स का डाटा शेयर न होने से उसकी सर्विसेज पर प्रभाव पड़ता है। यूजर्स डाटा के आधार पर ही कंपनी यूजर्स को विज्ञापन दिखाती है।

मेटा ने साफ तौर पर कहा है कि वह 2022 की नई शर्तों को वह स्वीकार तो करेगा लेकिन यदि डाटा टांसफर की सुविधा नहीं मिलती है तो उसे फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत अपनी कई सेवाएं बंद करनी पड़ेंगी। बता दें कि अभी तक मेटा यूरोप के यूजर्स का डाटा अमेरिका सर्वर पर स्टोर कर रहा था लेकिन नई शर्तों में डाटा शेयर की मनाही है।

मेटा ने सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को बताया है कि यदि जल्द-से-जल्द सर्विस को लेकर नया फ्रेम वर्क तैयार नहीं किया गया तो यूरोप के यूजर्स के लिए उसे अपनी सेवाएं बंद करनी पड़ेंगी। यूरोपियन यूनियन के कानून के मुताबिक यूजर्स का डाटा यूरोप में नहीं रहना चाहिए, जबकि मेटा की मांग है को यूजर्स का डाटा शेयर करने की इजाजत मिले। जुकरबर्ग चाहते हैं कि यूरोप के यूजर्स का डाटा भी अमेरिकन सर्वर पर स्टोर हो।

## 21 फरवरी को होगी फरहान-शिबानी की शादी,जावेद अख्तर ने की पुष्टि



पिछले काफी समय से फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर की शादी की खबरों से गपशप गली गुलजार है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इस पर कुछ नहीं कहा है। अब फरहान के पिता और जाने-माने लेखक जावेद अख्तर ने इस खबर की पुष्टि कर दी है। उन्होंने हाल ही में पहली बार फरहान और शिबानी की शादी को लेकर बातचीत की और साथ ही कुछ खुलासे भी किए।

खबरें थीं कि फरहान-शिबानी 21 फरवरी को शादी करने वाले हैं। जावेद ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हां शादी हो रही है। कोरोना की स्थिति देखते हुए हम शादी बड़े स्तर पर नहीं कर सकते। यह एक साधारण समारोह होगा। खैर, अभी तो इंविटेशन भी नहीं भेजे गए हैं। उन्होंने कहा, शिबानी बहुत प्यारी बच्ची है। हमारा परिवार उन्हें बहुत पसंद करता है। अच्छी बात यह है कि फरहान और शिबानी की बहुत जमती है।

एक सूत्र ने बताया कि फरवरी में शादी करने के बाद फरहान और शिबानी अप्रैल में एक बड़ी पार्टी रखेंगे, जहां दोनों इंडस्ट्री के दोस्तों को बुलाएंगे। फरहान और शिबानी मुंबई में भव्य शादी करने की प्लानिंग कर रहे थे, लेकिन कोरोना के बढ़ते खतरे और कई बॉलीवुड सितारों को कोरोना की चपेट में आता देखकर दोनों ने करीबी रिश्तेदारों और परिवार की मौजूदगी के बीच शादी करने का फैसला किया है।

## विश्वासम की हिन्दी रीमेक के ऑफर को अजय और अक्षय ने ठुकराया



मनीष शाह एक भारतीय फिल्म प्रोड्यूसर और गोल्डमाइंस टेलीफिल्म्स के मालिक हैं। गोल्डमाइंस टेलीफिल्म्स के सौजन्य से वह कई साउथ फिल्मों को हिन्दी में डब कर चुके हैं। ऐसी चर्चा है कि उन्होंने तमिल फिल्म विश्वासम की हिन्दी रीमेक के राइट्स खरीद लिए हैं। सुनने में आ रहा है कि उन्होंने इस फिल्म के लिए अजय देवगन और अक्षय कुमार को अप्रोच किया था। हालांकि, दोनों ही कलाकारों ने इस ऑफर को ठुकरा दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, अजय और अक्षय ने तमिल फिल्म विश्वासम की हिन्दी रीमेक के ऑफर को रिजेक्ट कर दिया है। एक सूत्र ने बताया, मनीष सालों से टीवी और अपने यूट्यूब चैनल पर डब फिल्में रिलीज कर रहे हैं और सफल भी हुए हैं।

## आज का राशिफल

***मेष***: आज आपके सकारात्मक व्यवहार से आसपास के लोग प्रसन्न रहेंगे। साथ ही लोगों के नजरों में आपकी अच्छी छवि बनेगी। आज समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिलेगा। ऑफिस का काम आज समय से पूरा करने में सफल होंगे।

***वृष***:आज आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। आज आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी, जिससे आपको आनंद की अनुभूति होगी। आज आप पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में सफल होंगे।

***मिथुन***:आज आपको थोड़ी-सी मेहनत से ही बड़ा मुनाफा होगा। आज शाम को घर पर ही स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आप दोनों एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे।

***कर्क***:आज बिजनेस में रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद भी मिलेगी। साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे।

***सिंह***:आज आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिलेगा, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफल होंगे। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी।

***कन्या***:आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। आपके दाम्पत्य जीवन में चल रही अनबन समाप्त होगी। अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। पारिवारिक रिश्ते और बेहतर बनेंगे।

***तुला***:आज नौकरीपेशा लोगों को नया प्रोजेक्ट मिलेगा। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के साइंस स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। मेहनत के बल पर ही आपको अपने करियर में सफलता हासिल होगी।

***वृश्चिक***:आज जीवन में तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। बॉस आपको कुछ जरूरत की चीज उपहार स्वरूप देंगे। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे।

***धनु***:आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। किसी दोस्त से फोन पर बात होगी। बात के दौरान कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी। आज आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे।

***मकर***:आज जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर आपके रिश्ते मधुर होंगे। आज कुछ कार्यों में आपको अधिक समय लग सकता है, लेकिन काम में सफलता जरूर मिलेगी।

***कुंभ*** राशि:आज आपको बिजनेस के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आपका सामाजिक जीवन भी आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिए वाह-वाही मिलेगी।

***मीन*** राशि:आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिलेंगे। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज पूरे दिन आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। आज आप घर पर छोटी-सी पार्टी का आयोजन करेंगे। बिजनेस में सब कुछ सामान्य रूप से बना रहेगा।

## बनाएं लाजवाब 'गोभी, गाजर, शलजम का अचार'



सर्दियों में कई तरह के अचार मिलते हैं जिनसे आप जायकेदार अचार तैयार कर सकते हैं। ऐसा ही एक टेस्टी अचार बना सकते हैं आप गोभी, गाजर और शलजम की मदद से। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

**सामग्री :**

1 किलो फूलगोभी बड़े-बड़े आकार में कटी, 1 किलो शलजम छीलकर 1/4 इंच टुकड़ों में कटा, 1/2 किलो गाजर छीलकर लंबे टुकड़ों में कटा, 3 कप सरसों का तेल, 250 ग्राम लहसुन कुटा हुआ, 250 ग्राम अदरक मोटा कटा हुआ, 1/2 कप नमक, 4 बड़े चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 750 ग्राम गुड़ कसा हुआ, 1 1/2 कप माल्ट सिरका, 2 बड़े चम्मच सरसों मोटी पिसी और 2 बड़े चम्मच गरम मसाला पाउडर

**विधि :**

- कटी सब्जियों को 6-7 घंटे धूप में छोड़ दें।
- गरम तेल में लहसुन गोल्डन तल कर निकाल लें।
- उसी तेल में अदरक भूनें।
- फिर सारी सब्जियों और तला हुआ लहसुन डालकर भूनें।
- 10-15 मिनट बाद जब सब्जियां पूरी तरह से सूख जाएं, आंच से उतार लें।
- पैन में सिरका व गुड़ पकाएं।
- ठंडा होने पर सरसों और गरम मसाला मिलाकर सब्जियों में मिला लें।
- लाल मिर्च पाउडर और नमक मिलाकर साफ बरनी में रख दें।
- 10-15 दिन धूप में रख दें।


## शब्द सामर्थ्य- 343

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू-दोकू- 343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 342 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |